>

Title: Need to strengthen the ring dam in district Gopalganj, Bihar facing threats of erosion and damage by river Gandak-laid.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): हमारे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज से गंडक नदी गुजरती है, जिसमें बाढ़ से कटाव होता है, जिस कारण बांध के टूटने से बाढ़ की संभावना बढ़ जाती है। इसी गंडक नदी के दक्षिणी किनारे पर गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अंतर्गत 12 किलोमीटर की लम्बाई में ग्राम पंचायत रामराजपुर, सलेमपुर पश्चिमी, सलेमपुर पूर्वी, हसनपुरा एवं अमलपुरा पंचायत तक के रिंग बांध के बगल में बोल्डर पिचींग की अति आवश्यकता है क्योंकि इस 12 किलोमीटर तक के क्षेत्र में बांध नदी के कटाव के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका है। भविष्य में इसके टूटने की प्रबल संभावना है।

अतएव सरकार से मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज अंतर्गत रिंग बांध पर बोल्डर पिचींग शीघ्र कराया जाये ताकि संभावित बाढ़ को रोका जा सके।